# आपके सिज़ेरियन सेक्शन के बाद दर्द की दवा

the women's
the royal women's hospital

## सर्जरी के बाद दर्द महसूस करना आम बात है। इस दर्द को प्रबंधित करने से आपको ठीक होने में मदद मिलती है।

सिज़ेरियन सेक्शन के बाद हर किसी को दर्द अलग-अलग तरह से महसूस होता है।

आप स्टाफ़ को अपनी परेशानी बताकर अपने दर्द को नियंत्रित कर सकती हैं। दर्द का इलाज करना तब आसान होता है जब आप उसका समय रहते निपटारण कर लेती हैं।

स्टाफ़ को बताएँ यदि आपको/का दर्द:
- मध्यम या गंभीर हो जाए
- अपना या अपने शिशु का ख्याल रखने में बाधा बनता है
- दर्द की दवा लेने के एक घंटे से अधिक समय बीतने के बाद भी जस का तस बना रहता है या और बुरा हो जाता है।

## अपने दर्द की दवा लेना

आपको दी जाने वाली दर्द निवारक दवा आपके डिलीवेरी के प्रकार, आपके चिकित्सीय इतिहास और इस बात पर निर्भर करेगा कि आप कौन सी अन्य दवाएँ लेती हैं।

कुछ दर्द निवारक दवाइयां आपको कुछ विशेष समय पर मिलेंगी। यह महत्वपूर्ण है कि जब आपको दर्द की दवा दी जाए तो आप उसे ले लें।

अधिक प्रभावशाली दर्द निवारक दवाएँ उपलब्ध हैं। यदि आपको अधिक प्रभावशाली दर्द निवारक की आवश्यकता हो तो अपनी दाई (मिड्वाइफ) को बताएँ।

## दर्द निवारक दवाओं के अवांछित प्रभाव

कभी-कभी, दर्द निवारक दवाएँ अवांछित प्रभाव पैदा कर सकती हैं, जिनमें शामिल हैं:

### खुजली

अधिकांश लोगों को मॉर्फिन, सीज़ेरियन के दौरान स्पाइनल या एपिड्यूरल के माध्यम से  दिया जाता है। इससे प्रसव/डिलीवेरी के बाद दर्द को कम करने में मदद मिलती है लेकिन खुजली हो सकती है। यह खुजली आमतौर पर 12 से 24 घंटे के बाद ठीक हो जाती है। यदि आपको आवश्यकता हो तो आप इस खुजली के इलाज के लिए दवा मांग सकती हैं।

### उलटी अथवा मतली होना

तीव्र दर्द निवारक दवाएं कभी-कभी मतली या उल्टी का कारण बन सकती हैं। यदि आपको आवश्यकता हो तो आप मतली या उल्टी के इलाज के लिए दवा मांग सकते हैं।

### कब्ज़

तीव्र दर्द निवारक दवाएं आपको कब्ज़ कर सकती हैं, जिसका अर्थ है कि आपके लिए मल त्याग करना कठिन हो सकता है। सर्जरी, पर्याप्त पानी न पीना और न चलना-फिरना जैसी अन्य चीज़ों  से भी ऐसा हो सकता है। पानी पीने और अपने कमरे में चलने-फिरने से मदद मिलेगी। यदि आपको अभी भी परेशानी हो रही है, तो कब्ज़ के इलाज के लिए दवाएँ उपलब्ध हैं। यदि आपको इसकी आवश्यकता हो तो सर्जरी के बाद पहले कुछ दिनों में यह दवा लेने का पुरज़ोर सुझाव दिया जाता है।

## और अधिक जानकारी तथा सलाह के लिए

तीव्र दर्द सेवा (Acute Pain Service) टीम के किसी व्यक्ति से बात करने के लिए कहें।

## क्या आपको दुभाषिए की ज़रूरत है?

Interpreter

यदि आपको आवश्यकता हो तो आप दुभाषिए की मांग कर  सकती हैं।

## पारिवारक हिंसा सहायता

**1800 Respect राष्ट्रीय हेल्पलाइन**

यदि आपने यौन उत्पीड़न, घरेलू या पारिवारिक हिंसा और दुर्व्यवहार का अनुभव किया है तो आप सहायता प्राप्त कर सकती हैं।

आप दिन या रात किसी भी समय फ़ोन कर सकती हैं।

1800 737 732 (24 घंटे चलती सहायता सेवा)

1800respect.org.au

**अस्वीकरण:** यह तथ्य पत्रक केवल सामान्य जानकारी प्रदान करता है। अपनी या अपने शिशु की स्वास्थ्य देखभाल संबंधी आवश्यकताओं के बारे में विशिष्ट सलाह के लिए आपको अपने स्वास्थ्य पेशेवर से सलाह लेनी चाहिए। Royal Women's Hospital (रॉयल महिलाओं का अस्पताल) किसी स्वास्थ्य पेशेवर से मिलने के बजाय इस तथ्य पत्र पर आपके द्वारा किए गए भरोसे से उत्पन्न होने वाली हानि या क्षति के लिए कोई ज़िम्मेदारी स्वीकार नहीं करता है। यदि आपको या आपके शिशु को तत्काल चिकित्सा की आवश्यकता हो, तो कृपया अपने निकटतम आपातकालीन विभाग से संपर्क करें।

© The Royal Women's Hospital 2025.